अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY


# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**05 SEP. 2023**

USEFUL FOR



**IAS | PCS**

**& other civil services exams**


**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. राष्ट्रपति मुर्मू ने राजघाट पर महात्मा गांधी की 12 फुट की प्रतिमा का किया अनावरण**




- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजघाट पर महात्मा गांधी की 12 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया।
- उन्होंने एक गांधी वाटिका का भी उद्घाटन किया जहां विभिन्न मुद्राओं में महात्मा गांधी की मूर्तियां स्थापित की गई हैं।
- यह प्रतिमा 45 एकड़ क्षेत्र में फैले गांधी दर्शन परिसर के प्रवेश द्वार पर स्थित है।
- आगंतुकों के लिए 'वाटिका' में एक सेल्फी-प्वाइंट भी बनाया गया है और इसके परिसर में महात्मा गांधी की कई प्रतिमाएं भी होंगी।

**2. देहरादून में इन्वेस्टर ग्लोबल समिट का आयोजन किया जायेगा**




- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में इन्वेस्टर ग्लोबल समिट का लोगो और वेबसाइट लॉन्च किया.
- इन्वेस्टर ग्लोबल समिट 8-9 दिसंबर, 2023 को देहरादून में आयोजित की जाएगी.
- इस सम्मेलन से विभिन्न क्षेत्रों में 2.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश के आने का लक्ष्य रखा गया है.
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस कैटेगरी में उत्तराखंड शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाले राज्यों में शामिल है.

**3. भारतवंशी थर्मन शनमुगरत्नम ने को सिंगापुर के नए राष्ट्रपति के रूप में चुना गया**




- हाल ही में सिंगापुर में संपन्न हुए राष्ट्रपति चुनाव में भारतवंशी थर्मन शनमुगरत्नम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है.
- वे देश के 9वें राष्ट्रपति होंगे.
- थर्मन ने चीनी मूल के 2 प्रतिद्वंदियों को मात देते हुए यह चुनाव जीता.
- इस चुनाव में उन्हें कुल 70.4% वोट प्राप्त हुए. वह हलीमा याकूब का स्थान लेंगे.
- सिंगापुर, दक्षिण पूर्व एशिया का एक आइलैंड देश है.

**4. Chandrayaan-3 के काउंटडाउन को आवाज देने वाली साइंटिस्ट N Valarmathi का निधन**




- श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) में हर लॉन्च मिशन के काउंटडाउन को आवाज देने वाली साइंटिस्ट एन वलारमथी (N Valarmathi) का चेन्नई में निधन हो गया है.
- उन्होंने 14 जुलाई को लॉन्च किये गए भारत के सफल चंद्रयान-3 मिशन को भी आवाज दी थी.
- यह उनकी आखिरी काउंटडाउन आवाज थी.
- वलारमथी,वर्ष 2012 में रिमोट सेंसिंग RISAT-1 परियोजना की निदेशक थी.

**5. मोहन बागान सुपर जाइंट ने डूरंड कप 2023 का खिताब जीता**



- मोहन बागान सुपर जाइंट ने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में ईस्ट बंगाल को 1-0 से हराकर डूरंड कप 2023 का ख़िताब अपने नाम कर लिया.
- मोहन बागान इससे पहले वर्ष 2000 में डूरंड कप खिताब जीता था.
- उन्होंने 2004, 2009 और 2019 में फाइनल में जगह बनाई लेकिन ख़िताब नही जीत पाए थे.
- डूरंड कप 2023 3 अगस्त को शुरू हुआ था, यह टूर्नामेंट का 132वां संस्करण था, जिसमे 24 टीमों ने भाग लिया.

**6. पूर्व दिग्गज क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक का हाल ही में निधन हो गया**



- जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक का 49 साल की उम्र में निधन हो गया है।
- हीथ स्ट्रीक ने जिम्बाब्वे के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 65 टेस्ट और 189 वनडे खेले।
- उन्होंने नवंबर, 1993 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया।
- उन्होंने टेस्ट की 102 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 216 विकेट लिए। उनकी मौत की जानकारी उनकी पत्नी नादीन ने दी।

**7. दीपक गुप्ता को कोटक महिंद्रा बैंक के अंतरिम प्रबंध निदेशक और सीईओ के तौर पर नियुक्त किया**



- कोटक महिंद्रा बैंक के अंतरिम प्रबंध निदेशक और सीईओ के तौर पर दीपक गुप्ता को नियुक्त किया गया है.
- कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ उदय कोटक ने इस साल के अंत में अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले पद से इस्तीफा दे दिया था.
- नए सीईओ की नियुक्ति तक वर्तमान संयुक्त प्रबंध निदेशक दीपक गुप्ता को अंतरिम प्रबंध निदेशक और सीईओ नियुक्त किया गया है.

**8. मूडीज ने भारत की 2023 जीडीपी वृद्धि का अनुमान 5.5% से बढ़ाकर 6.7% कर दिया**




- मूडीज ने भारत की 2023 जीडीपी वृद्धि का अनुमान 5.5% से बढ़ाकर 6.7% कर दिया है।
- हालाँकि, उसने अपने 2024 के विकास अनुमान को 6.5% से घटाकर 6.1% कर दिया है।
- मूडीज ने कहा कि मजबूत सेवाओं के विस्तार और पूंजीगत व्यय के कारण एक साल पहले की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.8% रही।
- मूडीज ने कहा कि आरबीआई की एमपीसी ने इस महीने तीसरी बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है।

**9. 2023 नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा संस्करण 4 सितंबर को नई दिल्ली में शुरू हुआ।**



- यह सम्मेलन उच्चतम स्तरीय द्विवार्षिक कार्यक्रम के रूप में कार्य करता है, जो नौसेना कमांडरों के बीच चर्चा और नीति निर्माण की सुविधा प्रदान करता है।
- हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान, भारतीय नौसेना का वरिष्ठ नेतृत्व पिछले छह महीनों के दौरान किए गए प्रमुख परिचालन, सामग्री, रसद, प्रशिक्षण और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा करेगा।
- सम्मेलन का उद्देश्य नौसेना कमांडरों के लिए वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ जुड़ने के लिए एक संरचित मंच स्थापित करना है, जो एक सुरक्षित और सुरक्षित समुद्री वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न अंतर-मंत्रालयी पहलों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता है।

**भारतीय नौसेना (आईएन):-**

- यह भारतीय सशस्त्र बलों की समुद्री शाखा है।
- भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सर्वोच्च कमांडर हैं।
- नौसेना स्टाफ का प्रमुख, एक चार सितारा एडमिरल, नौसेना का नेतृत्व करता है।
- नौसेना फारस की खाड़ी, हॉर्न ऑफ अफ्रीका और मलक्का जलडमरूमध्य जैसे क्षेत्रों में ब्लू-वॉटर फोर्स के रूप में काम करती है।
- स्थापना - 26 जनवरी 1950
- मुख्यालय - नई दिल्ली
- नौसेना दिवस - 4 दिसम्बर

### 10. भारत टीम ने पुरुष हॉकी 5s एशिया कप का खिताब जीता




- भारतीय हॉकी टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए हॉकी 5एस एशिया कप 2023 का खिताब जीत लिया है।
- भारत ने पेनल्टी शूटआउट में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-0 से हराया. इस जीत के साथ भारत ने FIH पुरुष हॉकी 5s विश्व कप 2024 में अपनी जगह पक्की कर ली है।
- मोदी ने एक्स पर की गई पोस्ट में कहा,''हॉकी 5एस एशिया कप में चैंपियन।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **हाल ही में किसने राजघाट पर महात्मा गांधी की 12 फुट की प्रतिमा का किया अनावरण?**
   (a) नरेन्द्र मोदी
   (b) राष्ट्रपति मुर्मू
   (c) राजनाथ सिंह
   (d) अमित शाह
2. **इन्वेस्टर ग्लोबल समिट का आयोजन किस शहर में किया जायेगा?**
   (a) पटना
   (b) देहरादून
   (c) जयपुर
   (d) वाराणसी
3. **सिंगापुर के नए राष्ट्रपति के रूप में किसे चुना गया है?**
   (a) हलीमा याकूब
   (b) थर्मन शनमुगरत्नम
   (c) ली सीन लूंग
   (d) इनमें से कोई नहीं
4. **चंद्रयान-3 के काउंटडाउन को आवाज देने वाली साइंटिस्ट कौन थी, जिनका निधन हो गया?**
   (a) एन वलारमथी
   (b) वी. आर. ललितांबिका
   (c) मौमिता दत्ता
   (d) टेस्सी थॉमस
5. **डूरंड कप 2023 का खिताब किस टीम ने जीता?**
   (a) पूर्वी बंगाल
   (b) मोहम्मडन एससी
   (c) केरला ब्लास्टर्स
   (d) मोहन बागान सुपर जाइंट
6. **पूर्व दिग्गज क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक का हाल ही में निधन हो गया, वह किस देश के पूर्व क्रिकेटर थे?**
   (a) केन्या
   (b) दक्षिण अफ्रीका
   (c) इंग्लैंड
   (d) जिम्बाब्वे
7. **कोटक महिंद्रा बैंक के अंतरिम प्रबंध निदेशक और सीईओ के तौर पर किसे नियुक्त किया गया है?**
   (a) उदय कोटक
   (b) यशस्वी सिन्हा
   (c) दीपक गुप्ता
   (d) राजीव कपूर
8. **मूडीज ने भारत की 2023 जीडीपी वृद्धि का अनुमान 5.5% से बढ़ाकर कितने प्रतिशत कर दिया है?**
   (a) 6.5%
   (b) 6.8%
   (c) 6.9%
   (d) 6.7%
9. **2023 नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा संस्करण 4 सितंबर को कहाँ पर शुरू हुआ?**
   (a) नई दिल्ली
   (b) चेन्नई
   (c) बेंगलोर
   (d) सूरत
10. **पुरुष हॉकी 5s एशिया कप का खिताब किस टीम ने जीता?**
   (a) भारत
   (b) पाकिस्तान
   (c) सिंगापुर
   (d) बांग्लादेश

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (b) | (b) | (a) | (d) | (d) | (c) | (d) | (a) | (a) |